>

Title : Need to provide drinking water in Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh under Rajiv Gandhi National Drinking Water Mission and Rashtriya Swajaldhara Scheme.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी उत्तर प्रदेश के विधान सभा कुण्डा, बिहार, चायल, मंझनपुर, सिराथू में पेयजल की जबरदस्त किल्लत है। उक्त क्षेत्रों में जल का स्तर प्रतिदिन नीचे जा रहा है। केन्द्रीय दल भेज कर सर्वे कराया जाये, जिसमें इंडिया मार्क II हैण्डपम्प सभी ग्राम सभाओं एवं पुरवों में लगाया जाये ताकि शुद्ध पेयजल मिल सके। राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन एवं राष्ट्रीय पेयजल धारा की योजना उक्त तीनों क्षेत्रों में लागू की जाये ताकि शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।